वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 274 | सोमवार 30 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### राजस्थान विधानसभा

## 5 दिन के अवकाश के बाद आज फिर शुरू होगी कार्यवाही



**जयपुर. कासं**

राजस्थान विधानसभा में 5 दिन के अवकाश के बाद सोमवार को कार्यवाही शुरू होगी। प्रश्नकाल के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक जितेंद्र सिंह राज्यपाल के अभिभाषण पर आगे चर्चा शुरू करेंगे। प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा एवं कांग्रेस के अब तक के कार्यकाल में रोडवेज की स्थिति की जानकारी मांगी है और नई बसों की खरीद का पूरा ब्यौरा मांगा है। लम्पी संक्रमण से पशुधन की मौत और पशुपालकों को राहत दिए जाने को लेकर भी सरकार से सवाल होंगे। उचित मूल्य दुकानदारों को मासिक वेतन या मानदेय को लेकर भी सरकार सदन में जानकारी देगी। विधानसभा के अनुसार सोमवार को प्रश्नकाल के लिए सूची में 36 सवालों को शामिल किया गया है। इनमें नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने परिवहन विभाग से जानना चाहा है कि भाजपा सरकार यानी जनवरी 2014 में कितनी बसें संचालित कर रहा था। मौजूदा कांग्रेस सरकार में इस साल पहली जनवरी तक कितनी बसों का संचालन किया जा रहा है। इसका यात्रीभार कितना है और सरकार ने पिछले तीन साल में कितनी नई बसें खरीदी हैं। विधायक रामलाल मीणा ने सरकार से जानना चाहा कि क्या सरकार उचित मूल्य दुकानदारों को मासिक वेतन या मानदेय देने पर विचार करती है? गौरतलब है कि पिछले दिनों इसको लेकर जयपुर में दुकानदारों का एक सम्मेलन भी हुआ था और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास इसमें पहुंचे भी थे। भाजपा विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पशुलपान विभाग से लम्पी को लेकर सवाल किए हैं। लम्पी वायरस से पशुधन की मौतों एवं बचाव के लिए टीकाकरण की जानकारी मांगी है।

### किरोड़ीलाल के समर्थन में आईं पूर्व सीएम राजे: कहा...

# पेपर लीक प्रकरण की CBI जांच कराए सरकार, मीणा अकेले नहीं हम सब उनके साथ

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में पिछले 6 दिनों से सरकार के खिलाफ धरना दे रहे सांसद किरोड़ी लाल के समर्थन में अब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को राजे ने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा पिछले 6 दिनों से धरने पर बैठे हैं। इतना बड़ा आंदोलन होने के बावजूद राजस्थान की कांग्रेस सरकार युवाओं के सपनों की जरा भी परवाह नहीं कर रही। बल्कि प्रदेश के युवाओं के सपनों को कुचलने का काम कर रही है। जो राजस्थान की कांग्रेस सरकार के डूबते जहाज की अंतिम कील साबित होगा। दरअसल सांसद किरोड़ी लाल मीणा पिछले 6 दिनों से जयपुर के आगरा रोड पर धरने पर बैठे हैं। रविवार को सांसद मीणा ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार ने हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर के बेरोजगार जयपुर में सरकार के खिलाफ महापड़ाव डालेंगे। वहीं इससे पहले बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुर्जर, जयपुर उपमहापौर पुनीत कर्णावत समेत सैकड़ो युवा सांसद किरोड़ी लाल मीणा के समर्थन में धरना स्थल पहुंचे। इस दौरान किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि राजस्थान में 4 साल में 16 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। जिससे प्रदेश के 50 लाख से ज्यादा युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। वहीं बाहरी राज्यों के बेरोजगार राजस्थान में सरकारी नौकरी में लग रहे हैं जिसे राजस्थान के युवाओं का हक छिन रहा है। अशोक गहलोत युवाओं की परेशानी को भूल सिर्फ अपनी सरकार बचाने में लगे हैं। ऐसे में जब तक प्रदेश के युवाओं की मांगे पूरी नहीं हो जातीं, मैं यहीं धरने पर बैठा रहूंगा।



# जेकेके में बसंत पर्व की शुरूआत 30 जनवरी से

## काव्य गोष्ठी में मशहूर कवि-शायर होंगे रूबरू, अली-गनी सजाएंगे मांड गायकी की महफिल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जवाहर कला केन्द्र की ओर से 30 और 31 जनवरी को दो दिवसीय 'बसंत पर्व' आयोजित किया जा रहा है। कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ सोमवार सुबह 11 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। जश्न-ए-अदब संस्थान के क्यूरेशन में हो रहे उत्सव में वादन, गायन और साहित्य का संगम देखने को मिलेगा। पहले दिन सुबह 11 से 1:30 बजे कृष्णायन में ह्यसाहित्य में बसंतह्ल नामक गोष्ठी होगी। इसमें मशहूर शायर इकराम राजस्थानी, फारुक आफरीदी, हेमंत शेष, लोकेश कुमार सिंह ह्यसाहिलह्ल, गीतकार बनज कुमार बनज, फारूक इंजीनियर और शोभा चंदर पारीक से रूबरू होने का मौका मिलेगा। सभी बसंत के उल्लास को रेखांकित करती रचनाओं की प्रस्तुति के अलावा साहित्य में महा कवि जयशंकर प्रसाद तथा सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचनाओं का वाचन करेंगे। सोमवार शाम 6:30 बजे रंगायन सभागार में सुप्रसिद्ध गायक और संगीतकार उस्ताद अली-गनी मांड गायकी के जरिए बसंत ऋतु के सौन्दर्य को रेखांकित करेंगे। समारोह के दूसरे दिन, मंगलवार शाम 6.30 बजे से रंगायन सभागार में संगीत के इमदाद खानी घराने के अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दिल्ली के सितार वादक उस्ताद शुजात हुसैन खान की सितार वादन व गायन की प्रस्तुति होगी।



### गायत्री राठौर ने किया पोस्टर विमोचन

कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव सह महानिदेशक जवाहर कला केंद्र गायत्री राठौर ने बसंत पर्व के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जेकेके की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के पिच्छि परिवर्तन में उमड़ा जन सैलाब

## जैन साधुओं का संयम और करूणा का उपकरण मयूर पिच्छिका अयोध्यापुरी में हुआ मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का भव्य पिच्छिका परिवर्तन मुनि श्री ने संयम व्रती श्रावकों को दी पुरानी पिच्छिका, गूंजे- जयजयकारे, आकर्षक प्रस्तुतियों के बीच हुआ पिच्छिका परिवर्तन







**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज का ससंघ पिच्छिका परिवर्तन आज शाही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनी अयोध्यापुरी के विशाल मण्डप में हुआ जिसमें संयमी श्रावकों ने हजारों श्रावकों की मौजूदगी में मुनिसंघ जैन मुनि के संयम के उपकरण मयूर पंख से बनी नवीन पिच्छि का प्रदान करने एवं पुरानी पिच्छिका ग्रहण करने का पुण्यार्जन किया। इस मौके पर मुनि सुधासागर महाराज ने मयूर पंख से बनी पिच्छिका को सूक्ष्म जीव की रक्षा का प्रतीक बताते हुए कहा पिच्छिका को प्राप्त करने और साधुओं को प्रदान करने का सौभाग्य संयमी व्यक्ति ही प्राप्त करते हैं, उन्होंने जीवन में संयम की उपयोगिता बताते हुए कहा साधुओं के सानिध्य में रहकर जीवन में संयम का धारण करने की भावना होनी चाहिए। संयमी व्यक्ति ही जीवन में आनंद की अनुभूति और सुख की प्राप्ति करता है। ललितपुर से डॉ सुनील संचय, अक्षय अलया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण एवं दीपप्रज्जवलन कर प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्रों व पंचायत पदाधिकारियों ने किया। मुनि सुधासागर महाराज के पादप्रक्षालन का पुण्यार्जन यज्ञनायक संदीप सराफ एवं मुनि पूज्यसागर महाराज के पादप्रक्षालन का पुण्यार्जन दर्शनादय तीर्थ थूबोनजी उपाध्यक्ष आनंद कुमार धर्मेन्द्र रोकड़िया चंदेरी ने किया। मंगलाचरण के रूप में ब्र. विमलेश दीदी ने गुरुवर की भक्ति की। आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज एवं उनके संघस्थ मुनि नगर गौरव पूज्यसागर महाराज, ऐलक धैर्यसागर महाराज क्षुल्लक गम्भीर सागर महाराज के पिच्छिका परिवर्तन को बेहतर रोचक एवं धर्मप्रिय कार्यक्रमों को करने की संयोजना शैलेन्द्र जैन एवं विजय जैन धुर्रा अशोकनगर ने की। क्षुल्लक श्री की पिच्छिका को सम्मेद शिखर जी की झांकी में विमोचन हेतु लाए और उपस्थित जनसमुदाय को संदेश दिया कि पर्वतराज पर खानपान नहीं करेंगे और मोटरसाइकिल से नहीं ,पैदल जाएगे। पिच्छिका के लोकार्पण विमोचन के उपरान्त क्षुल्लक श्री की पुरानी पिच्छिका अशोक जैन जाखलौन को मिली। एलक श्री की पिच्छिका गुरु चरणों में आयी, विमोचन लोकार्पण के उपरान्त राजेश जैन सीमा जैन लागौन परिवार को मिली। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ एवं सुसंस्कारों का शंखनाद लेकर लव जिहाद की प्रस्तुति की गई। मुनि पूज्यसागर महाराज की पिच्छिका अभिनंदनोदय तीर्थ पर निर्मित सहस्त्रकूट के प्रतीक के साथ लेकर वीर व्यायामशाला एवं आचार्य विद्यासागर व्यायामशाला के स्वयंसेवक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आए ब्रह्मचारिणी वहिनों द्वारा विमोचन के उपरान्त पुरानी पिच्छिका ग्रहस्थ जीवन के भाई विजय जैन बंटी अंजना जैन नारियल परिवार को मिला। मुनि पुंगव सुधासागर महाराज की पिच्छिका ललितपुर की अगुवाई में जेसीवी के प्रदर्शन के साथ लेकर पहुंचे जिनके हाथों में भव्य अगुवाई के लिए ललितपुर जैन समाज को वर्ल्ड रिकार्ड का दर्जा मिला, लिए हुए थे। मुनि श्री की पिच्छिका का विमोचन महेन्द्र मढवैया, जिनेन्द्र सिंघई आनंद जैन साइकल, देवेन्द्र जैन परिवार द्वारा किया गया जबकि पुरानी पिच्छिका जैन पंचायत के महामंत्री डा० अक्षय टडैया-मृदुला टडैया ने ग्रहण कर मुनि श्री से आशीर्वाद ग्रहण किया। जिनके पुण्य की अनुमोदना उपस्थित जनसमुदाय ने जयजयकारों के बीच की जिनका आयोजन समिति एवं जैन पंचायत समिति द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंचीय संचालन वालब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश ने करते हुए बताया कि जैन साधुओं का अहिंसा करुणा एवं जीवदया का उपकरण मयूर पिच्छिका है, मुनि जीवों की रक्षा के लिए मयूर पिच्छिका धारण करते हैं जिसका चातुर्मास के उपरान्त अभिनंदनोदय तीर्थ के शाही महापंचकल्याणक में सम्पन्न कराने का सौभाग्य ललितपुर समाज को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केन्द्रीय मंत्री, कैलाश नारायण निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत के अतिरिक्त प्रतिष्ठा महोत्सव के भगवान के माता पिता बनने का पुण्यजन कल्पना राजेन्द्र लल्लू धनवारा सौधर्म इन्द्र सुमन - स्वतंत्र मोदी नाराहट, धनपति कुवैर अशोक सुधा दैलवारा, महायज्ञ नायक रचना संजीव जैन सीए शिरोमणि आवक श्रेष्ठी महेन्द्र कुमार सराफ, विधि यज्ञनायक प्रभात कुमार सराफ भरतः चक्रवर्ती रवीन्द्र अलया, बाहुवली संजीव कुमार ममता स्पोर्ट ईशान इन्द्र विनय कुमार जैन मडावरा, सनत इन्द्र संजीव कुमार लकी, माहेन्द्र राजीव कुमार लकी, यज्ञनायक-महेन्द्र कुमार सराफ, अखिलेश गदयाना, विनय जैन जडीबूटी आलोक जैन लागौन, राजेन्द्र सराफ,संदीप सराफ लालू वीरेन्द्र कुमार गंगचारी महेन्द्र कुमार पालीवाले मौजूद रहे।



# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा निःशुल्क मेडिकल शिविर 5 फरवरी को राजस्थान अस्पताल मे

### रिजन की सभा मे हुआ पोस्टर व बैनर का विमोचन। ई सी जी, शुगर, बी एम डी आदि जाचे होंगी शिविर मे निशुल्क


**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रिजन जयपुर के तत्वावधान मे दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर द्वारा राजस्थान अस्पताल जे एल एन मार्ग पर एक निशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन रविवार, 5 फरवरी को प्रातः 10बजे से 1बजे तक राजस्थान अस्पताल के प्रांगण मे किया जायेगा। रिजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या व सचिव निर्मल संघी ने बताया कि रिजन के निवर्तमान अध्यक्ष यश कमल - संगीता अजमेरा को रिजन द्वारा इसका मुख्य समन्वयक बनाया गया है तथा सन्मति ग्रुप के राकेश - रेणु संघी, प्रदीप - प्राची बकलीवाल, कमल - मंजू ठोलिया को समन्वयक व नितेश - मीनू पांडया को सयोजक बनाया गया हें।सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका व सचिव अनिल - निशा संघी ने बताया कि मेडिकल केम्प के मुख्य



अतिथि डॉक्टर निर्मल जैन सोगानी सदस्य रोड सेफ्टी ऑफ इंडिया तथा दीप प्रज्जवलन कर्ता सुभद्र पापड़ीवाल युकेरी के संस्थापक अध्यक्ष होंगे। मुख्य समन्वयक यश कमल अजमेरा के अनुसार रिजन द्वारा आयोजित सभा मे मेडिकल केम्प के पोस्टर एव बैनर का विमोचन भी किया गया।सन्मति ग्रुप के कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या के अनुसार इस अवसर पर रिजन के वरिष्ठ परामर्शक महेन्द्र पाटनी, परामर्शक नविन सेन जैन, सुरेंद्र पांडया, रिजन संस्थापक अध्यक्ष अनिल जैन, रिजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, निवर्तमान अध्यक्ष व केम्प के मुख्य समन्वयक यश कमल अजमेरा, सचिव निर्मल संघी के साथ जयपुर स्थित विभिन्न ग्रुपो के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अशोक जैन बडजात्या दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

अशोक जैन बडजात्या को दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर दिगबर जैन समाज समाजिक सासद के मंत्री डां जैनेनद्र जैन, हसमुख गाधी,राजेश जैन दद्रू,सजीव जैन, सजीवनी आजाद जैन ने शुभकामनाएं बधाई दी ।

# लीनेस क्लब स्वरा का शपथ ग्रहण समारोह




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लीनेस क्लब स्वरा का शपथ ग्रहण समारोह टोंक रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। इंस्टालेशन अधिकारी अंजना जैन ने स्वाति जैन को अध्यक्षा, मोना जैन को सचिव और ममता जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षाता डॉ राजीव जैन ने की और दीप प्रज्जवलन अंजू जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक पुनम सक्सेना, कविता कासलीवाल, शिखा बाकलीवाल और नीतू बाकलीवाल थी डिस्ट्रिक्ट प्रेजिडेंट अंजना सिंघल की आधिकारिक यात्रा भी इस अवसर पर आयोजित की गई। अजय जैन और संजय नराणिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्षा स्वाति जैन ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी।

# सीकर हाउस कपड़ा मंडल ने गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीकर हाउस कपड़ा मंडल के बैनर तले 26 जनवरी धूमधाम से मनाई।इस मौके पर काफी संख्या में लोगों ने इस आयोजन में भाग लिया।अध्यक्ष प्रकाश चन्द गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लल्लू लाल गुप्ता ने झंडारोहण किया। अध्यक्षता मामराज अग्रवाल ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि मक्खन लाल अग्रवाल रहे। इस मौके पर मंडल के महामंत्री दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल, , बनवारी लाल अग्रवाल, नाथू लाल अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रामचरण अग्रवाल, प्रभु दयाल अग्रवाल, हरिश्चंद्र संगतानी, गगन दास, अमित अग्रवाल, महेश अग्रवाल, गोविंद शर्मा, मालीराम अग्रवाल, नागरमल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, रमेश शर्मा, मोनू चोधरी, प्रशांत अग्रवाल,अनिल कुमार बंसल, ललित अग्रवाल, हरिओम शर्मा, ताराचंद टकसाली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जयपुर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड नंबर 59 में सीसी सड़क बनने का शुभारंभ हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड नंबर 59 में कृषि मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक लालचंद कटारिया की अनुशंसा पर स्वीकृत सीसी सड़क का शुभारंभ किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अशोक शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामगोपाल कटारिया, कृषि मंत्री के ओएसडी जय कुमार जैन, पार्षद राजू अग्रवाल, पार्षद विजेंद्र सैनी सहित पार्षद प्रत्याशी मोहित जैन व रामनिवास शर्मा, पृथ्वीराज नगर संघर्ष समिति अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम सिंह सहित गिरधर पारीक, राकेश जाजोरिया, छोगालाल शर्मा के साथ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता तथा कॉलोनी वासी और नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजेंद्र अग्रवाल, सहायक अभियंता सोनू चौधरी, कनिष्ठ अभियंता भगवान सहाय इस अवसर पर मौजूद रहे।

## वेद ज्ञान

### कभी भी स्वार्थी नहीं होना चाहिए...

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इसलिए उसके लिए सभी हितों में लोकहित सबसे पहले है। यदि उसके किसी कार्य से दूसरे का अहित या नुकसान हो रहा है तो उसे वह कार्य नहीं करना चाहिए। मनुष्य को कभी स्वार्थी नहीं होना चाहिए, बल्कि हमेशा यही मानना चाहिए कि दूसरों के हित में ही उसका अपना हित है। जब व्यक्ति दूसरों के हितों की रक्षा करेगा तभी दूसरे भी उसके हित की रक्षा करेंगे। जिस समाज में ऐसे लोग निवास करते हैं वही समाज उन्नति करता है। जहां स्वार्थी और सिर्फ अपना हित चाहने वाले लोग रहते हैं वह समाज कभी प्रगति नहीं कर सकता। समाज ऐसे व्यक्तियों का समूह है जिसने अपने व्यक्तिगत स्वार्थों की सार्वजनिक रक्षा के लिए खुद को कुछ नियमों से बांध लिया है। इसकी विशेषता है कि यहां प्रत्येक व्यक्ति अपने हितों से बंधा है। व्यक्ति स्वभाव से स्वतंत्र भले ही हो, लेकिन समाज द्वारा बनाए गए नियमों का उसे पालन करना पड़ता है। इसलिए किसी समाज का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब नियमों का पालन होगा। ऐसे में व्यक्ति को समाज में रहते हुए अपने हितों की रक्षा करते समय यह ध्यान रखना होगा कि किसी अन्य को कष्ट न पहुंचे। मनुष्य के आचरण में लोक-परलोक का चिंतन शामिल होना चाहिए और ऐसा तभी संभव होगा जब मनुष्य स्वार्थी न हो। स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि जगत की उन्नति में योगदान करने से वास्तव में हम लोग स्वयं उन्नति होते हैं। दुनिया में किसी को कुछ मिलता, लेकिन किसी को भी सब कुछ नहीं मिलता है। व्यक्ति को ज्यादा की चाह नहीं करनी चाहिए, बल्कि जो कुछ मिला है उससे ही संतोष करना चाहिए। मनुष्य को कभी किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहिए। अगर संभव हो तो दूसरों को भी सुखी बनाना चाहिए। अगर हम किसी को सुख नहीं पहुंचा सकते तो उसे दुख पहुंचाने का हमें कोई अधिकार नहीं है। धर्म का मूल दया है। भलाई करने से सबका भला होता है। सभी प्राणियों को सुख की अभिलाषा रहती है। मनुष्य वही है जो सबका भला करता है। उसका हृदय विशाल होता है। वह सभी को सुखी देखना चाहता है।

## संपादकीय

# नई राहें तलाश रही अब महिला क्रिकेट

पुरुषों के भारतीय प्रीमियर लीग की तरह महिला क्रिकेट का प्रीमियर लीग भी शुरू करने का फैसला किया गया है। इसके लिए बोलियां मंगाई गईं। इसकी कोई आधार राशि तय नहीं थी। मगर इसमें जिस तरह कंपनियों ने उत्साह के साथ बोली लगाई, वह हैरान करने वाली थी। महिला प्रीमियर लीग की पांच टीमों की बिक्री से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ को चार हजार छह सौ सत्तर करोड़ रुपए की कमाई हो गई। चौदह साल पहले जब भारतीय प्रीमियर लीग की शुरूआत हुई थी, तब पुरुष आइपीएल की आठ फ्रेंचाइजी बहत्तर करोड़ पैंतीस लाख नब्बे हजार डालर में बिकी थी। उसकी तुलना में यह काफी उत्साहजनक शुरूआत है। निस्संदेह इससे महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ा है। भारत में महिला क्रिकेट अभी बिल्कुल नया है। इस खेल को खुद महिला खिलाड़ियों ने अपने दम पर खड़ा किया और लंबे संघर्ष के बाद अपनी पहचान बनाई। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया, तब इसकी तरफ गया और इन खिलाड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाने लगा। कुछ महीने पहले ही बीसीसीआइ ने महिला और पुरुष खिलाड़ियों में फीस को लेकर बरते जा रहे भेदभाव को समाप्त करने की घोषणा की। महिला प्रीमियर लीग शुरू होने से माना जा रहा है कि न सिर्फ बीसीसीआइ की कमाई कई गुना बढ़ जाएगी, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी कमाई के मामले में दूसरे कई देशों के पुरुष खिलाड़ियों को पीछे छोड़ सकती हैं। फिर इससे दूर-दराज के इलाकों से प्रतिभावान महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने का व्यापक मंच उपलब्ध हो सकेगा। इसलिए कि भारतीय क्रिकेट टीम में तो कुछ खिलाड़ियों का ही चयन होता है, मगर प्रीमियर लीग में टीमें कई होती हैं, इसलिए उनमें बहुत सारे खिलाड़ियों को खेलने का अवसर उपलब्ध होता है। बीसीसीआइ ने खिलाड़ियों और टीमों के इनामों की घोषणा भी कर दी है। जो खिलाड़ी खरीदे जाएंगे, उनकी भी बोली लगेगी और फिर हर मैच के लिए उनकी फीस तय होगी। इस तरह जो महिला खिलाड़ी पुरुष खिलाड़ियों की तुलना में अधिक संघर्ष करते हुए खेल रही थीं, उन्हें अब कमाई का नया अवसर मिलने जा रहा है। जाहिर है, इससे छोटे-छोटे कस्बों और गांवों तक में खेल रही लड़कियों का उत्साह बढ़ेगा और वे बेहतर प्रदर्शन कर महिला प्रीमियर लीग में प्रवेश पाने की प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। इस तरह सचमुच आधी आबादी को बराबरी की जगह बनाने का अवसर मिल सकता है। क्रिकेट को लेकर हमारे देश में विशेष प्रेम देखा जाता है। प्रीमियर लीग चूंकि कम ओवरों का, तेजी से खेला जाने वाला खेल है, इसलिए उसमें अधिक रोमांच होता है और क्रिकेट प्रेमियों में इसे लेकर उत्साह बना रहता है। जाहिर सी बात है, जिस खेल को लेकर ज्यादा दर्शक उत्साहित और उत्सुक होते हैं, उससे कमाई भी अधिक होती है। इसलिए इसके लिए टीमें खरीदने को लेकर बड़ी-बड़ी कंपनियां भी बोली लगाती हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# रिश्तों में गर्माहट

भारत और मिस्र के रिश्तों में नए सिरे से गर्माहट आई है। हालांकि दोनों देश बहुत पुराने दोस्त हैं और कभी किसी रणनीतिक दबाव में किसी ने भी पाला बदलने की कोशिश नहीं की। मगर बीच के कुछ सालों में कुछ ठंडापन आ गया था। पिछले कुछ सालों से इसमें फिर से नई ऊर्जा लौटी है। खासकर कोरोना महामारी के दौरान जब भारत को दवाओं की जरूरत थी, तब मिस्र ने आगे बढ़ कर मदद की। वैसे ही जब रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ा और उन देशों से मिस्र को गेहूं मिलना बंद हो गया, तब भारत ने उसकी मदद की। अब राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी को गणतंत्र दिवस परेड का मुख्य अतिथि बना कर भारत ने मिस्र को विशेष सम्मान दिया है। इस मौके पर दोनों देशों के बीच पांच बिंदुओं पर समझौते भी हुए, जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है आतंकवाद के खिलाफ मिल कर लड़ने की वचनबद्धता। इसके अलावा दोनों देश सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, संस्कृति, युवा मामले और प्रसारण के क्षेत्र में मिल कर काम करेंगे। हालांकि भारत के साथ मिस्र का व्यापार पिछले कुछ सालों में बहुत तेजी से बढ़ा है और पहले की तुलना में पचहत्तर फीसद अधिक हो गया है, मगर इसमें अभी बहुत संभावनाएं हैं। फिर, बदलती वैश्विक स्थितियों में भारत के लिए मिस्र से दोस्ती कई अन्य कारणों से भी महत्त्वपूर्ण है। मिस्र अफ्रीकी महाद्वीप का सबसे बड़ा देश है, जिससे भारत के पुराने रिश्ते हैं। उसके साथ रिश्तों में मजबूती लाकर भारत मध्य-पूर्व में अपनी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति बना सकता है। भूमध्य सागर, लाल सागर, अफ्रीका और पश्चिम एशिया में मिस्र की अहम पकड़ है। यहां की स्वेज नहर एशिया और यूरोप के बीच लोकप्रिय मार्ग है, जो हिंद महासागर को लाल सागर और भूमध्य सागर को जोड़ती है। भारत के लिए व्यापारिक दृष्टि से यह मार्ग बहुत उपयोगी है। इस समय मिस्र आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से खाली हो रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उसे गेहूं की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में वह चाहता है कि भारत उसे और गेहूं निर्यात करे। गेहूं निर्यात पर रोक के बावजूद भारत ने मिस्र को गेहूं उपलब्ध कराया था, अब भी उसे इसमें कोई अड़चन नहीं है, क्योंकि भारत के पास गेहूं का भंडार काफी है। फिर मिस्र में भारतीय कंपनियों के लिए निवेश के कई अच्छे अवसर हैं। पिछले कुछ सालों में कई कंपनियों ने रसायन, ऊर्जा, वाहन निर्माण आदि क्षेत्रों में भारी निवेश किया भी है। मिस्र चाहता है कि भारत और निवेश बढ़ाए, ताकि वह आर्थिक मंदी से उबर सके। भारत भी आर्थिक मोर्चे पर बेहतरी के प्रयास कर रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद निर्यात के क्षेत्र में उसे अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही। इसके चलते भारी उद्योगों में सुस्ती देखी जा रही है। ऐसे में मिस्र उसके लिए एक बड़ा बाजार हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में वह भारत का बड़ा खरीदार भी हो सकता है। हालांकि पहले ही मिस्र ने भारत में बने तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी, अब वह सौदा करना चाहता है। इस तरह वह भारतीय रक्षा सामग्री का खरीदार देश भी बन सकता है। सबसे बड़ी बात कि मिस्र के जरिए भारत पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है। ताजा समझौतों के समय राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी ने आतंकवाद को कतई सहन न करने का आह्वान करते हुए इसे विदेश नीति के उपकरण के तौर पर इस्तेमाल करने वाले देशों की निंदा भी की।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 325 रोगी की जांच व 142 ऑपरेशन हेतु भर्ती




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

**केकड़ी।** लायंस क्लब केकड़ी एवं डीडी नेत्र फाउंडेशन कोटा के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लायंस भवन जयपुर रोड केकड़ी में 29 जनवरी, रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित हुआ । क्लब प्रशासक लायन दिनेश गर्ग ने बताया की यह शिविर स्वर्गीय श्री दीनबंधु जी मूंदड़ा की स्मृति में मूंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित हुआ । शिविर का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब प्रान्त 3233 ई 2 के प्रांतपाल एमजेएफ लायन दिलीप तोषनीवाल भीलवाड़ा के मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि श्रीमती मधु मूंदड़ा, राम-लक्ष्मण , भागचंद व पुरुषोत्तम मूंदड़ा एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन एस एन न्याती ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया । अध्यक्षता लायन राकेश जैन ने की । प्रांतपाल दिलीप तोषनीवाल ने कहा कि जरूरत मंद व दीन दुखियों की सेवा करना लायंस क्लब के सभी सदस्यों का कर्तव्य हैं, हम सभी संकल्पित हैं कि जरूरत मंद की सेवा नियमित करें । प्रांतपाल ने सेवा करने वाले सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट की पिन लगाकर सम्मानित किया । विशिष्ट अतिथि मधु मूंदड़ा ने लायंस क्लब केकड़ी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आज के शिविर का पुण्यार्जक बनाने के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया ।सचिव पुरुषोत्तम गर्ग ने बताया कि भर्ती मरीजों का ऑपरेशन 30 जनवरी को कोटा में होगा एवं इनको कोटा लाने व ले जाने, भोजन आवास व्यवस्था निशुल्क होगी। कोषाध्यक्ष विनय पांड्या के अनुसार डॉ रामेश्वर चौधरी द्वारा निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर लगाया गया जिसमें 47 मरीज लाभान्वित हुए। इस शिविर में माहेश्वरी मंडल केकड़ी के अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष छीतर मल न्याति, सचिव टीकम चंद आगीवाल ने प्रांतपाल में का साफा बंधवाकर सम्मान किया । सावित्री मूंदड़ा, आशा मूंदड़ा, व गायत्री मूंदड़ा का लायंस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन एस एन न्याति ने अपने शब्दों से स्वागत करते हुए वर्ष पर्यन्त किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की । इस शिविर में डॉक्टर बृजेश गुप्ता, मुरारी गर्ग जगदीश फतेहपुरिया, भरत माहेश्वरी, शैलेंद्र वाधवानी ,गजानंद साहू, अनिल बंसल, अरविंद नाहटा, निरंजन चौधरी, पदम रांटा, विनय कटारिया, निरंजन मोदी, राजेंद्र कुमार सोनी, मनीष नामा, नवल जैन, आकाश वैष्णव ने सराहनीय सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन संतोष विजवर्गीय व्याख्याता ने किया।

# ज्ञानतीर्थ पर आर्षमति माताजी का मंगल आगमन



मनोज नायक. शाबाश इंडिया

**मुरेना।** श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक के निमित्त श्री दिगम्बर जैन ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर निरन्तर साधु-साध्वियों के आगमन हो रहे हैं। गत दिबस परम पूज्य पट्टाचार्य श्री विनीतसागर जी महाराज (ससंघ), गणिनी आर्यिका श्री लक्ष्मीभूषण माताजी ससंघ, गणिनी आर्यिका श्री सृष्टीभूषण माताजी ससंघ, आर्यिका श्री अंतसमति माताजी ससंघ, आर्यिका श्री कुमुदमती माताजी का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। गुरुदेव षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की अंतिम दीक्षित शिष्या गुरुमां गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी ससंघ का ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर भव्य मंगल प्रवेश हुआ। पूज्य गुरुमां का चातुर्मास मुरार में हुआ था। चूंकि ज्ञानतीर्थ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की घोषणा हो चुकी थी । इसलिए आर्यिका आर्षमति माताजी ने कहीं अन्यत्र दूरदराज विहार न करते हुए ग्वालियर के आसपास के क्षेत्र में ही पद विहार करते हुए धर्म प्रभावना की। ज्ञानतीर्थ पर विराजमान गणिनी आर्यिका लक्ष्मीभूषण, सृष्टीभूषण, स्वस्तिभूषण सहित सभी आर्यिका माताजियों एवं ब्रह्मचारिणी दीदीयों ने पूज्य गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी की अगवानी की। पूज्य गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी का महेशचंद बंगाली पवन जैन की फैक्ट्री पर रात्रि विश्राम हुआ । प्रातः के प्रवचन और आहारचर्या टी आर पुरम में आशीष जैन सोनू अतुल जैन के निज निवास पर हुआ । टी आर पुरम से ज्ञानार्ष भक्त परिवार के नेतृत्व में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा प्रारम्भ हुई । शोभा यात्रा में महिलाये केशरिया साड़ी में, पुरुषवर्ग सफेद परिधान में सभी हाथों में ध्वज लिए हुए थे। मंगल प्रवेश के पश्चात पूज्य गणिनी आर्यिका श्री सृष्टिमती माताजी एवं गणिनी आर्यिका श्री आर्षमति माताजी ने उपस्थित साधर्मी बन्धुओं को संबोधित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया । गंज बसोदा के युवा साथियों के विद्यासागर बैंड वादकों ने सभी का मन मोह लिया । एक किलोमीटर से भी अधिक लम्बे जुलुस में ग्वालियर, मुरार, सुमावली, बानमोर, अम्बाह, पोरसा, जौरा, आगरा, धौलपुर सहित पूरे भारतवर्ष से सैकड़ों की संख्या में गुरुमां के भक्त मौजूद थे।

# श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान में धूमधाम से मनाया 74 वां गणतंत्र दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर,वीरोदय नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष शांति कुमार जैन तथा प्रबन्धकारिणी समिति ने आईएएस व पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार के शासन सचिव नवीन जैन ने राष्ट्रगान के बीच ध्वजारोहण किया।इसके बाद छात्र व छात्राओं की विभिन्न प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मंगलाचरण, स्वागत गीत, अमर वीरांगना रानी अबक्का का नाटक मंचन, देशभक्ति गीत, भाषण, कविता इत्यादि कार्यक्रमों की प्रस्तुति से देशभक्ति का संचार जनमानस में किया गया। इस मौके पर संस्थान के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया ने अतिथियों को संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएएस व पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार के शासन सचिव नवीन जैन ने विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कभी भी किसी को हतोत्साहित नहीं होना चाहिये, अपने जीवन को अनुशासित बनाते हुए मंजिल की तरफ अपने कदमों को बढ़ाना चाहिये सफलता प्राप्त हो या न हो घबराकर अपना लक्ष्य नहीं छोड़ना चाहिये सफलता एक दिन अवश्य ही आपके कदमों को चूमेगी। गलत नीतियां एवं गलत आचरण कभी भी पद एवं प्रतिष्ठा को नहीं दिला सकती।





# तीर्थराज सम्मेदशिखर हुआ प्रसन्नमय

## प्रसन्न सागर के जयकारों से गुंजायमान हुआ पारसनाथ, अंतर्मना की महक से महका मधुबन

## 2600 वर्षों बाद ऐसी कठोर तपस्या करने वाले देश के प्रथम संत हैं अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के पश्चात मौन पूर्वक उत्कृस्ट सिंह निष्क्रिड़ित व्रत की मौन पूर्वक साधना कर रहें दिगंबरत्व संत समाज एकमात्र संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज की 557 दिन की महासाधना के निष्ठापन का महापारणा तीर्थराज की स्वर्णभद्र कूट पर सम्पन्न हुआ। पूज्य गुरुदेव के महापारणा को देखने अनेक संतो के साथ भक्तों की भारी भीड़ भी पर्वतराज पहुंची। महापारणा के पश्चात पूज्य गुरुदेव तीर्थराज की स्वर्णभद्र कूट से हजारों भक्तो की गरिमामय उपस्थित में पर्वत के 11 किलोमीटर का सफर तय करके मधुबन पहुँचे सम्पूर्ण राह में भक्त गुरुदेव की जय जयकार कर रहें थे गुरुदेव पिछले 10 माह से पहाड़ी पर एकांतवास में महा तपस्या कर रहे थे। अंतर्मना गुरुदेव के अनन्य भक्त एवं अंतर्मना महोत्सव समिति के कार्याध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बैद ने जानकारी देते हुए बताया की गुरुदेव के मधुबन पहुँचने पर तीर्थराज पर विराजित 150 से अधिक संतो एवं लाखों गुरु भक्तों ने पूज्य गुरुदेव की भव्य अगवानी की । पर्वतराज के गेट से गुरुदेव की भव्य, विशाल, ऐतिहासिक, अद्भुत शोभायात्रा प्रारम्भ हुई जिसका जगह जगह भक्तों द्वारा स्वागत किया एवं मार्ग में जगह-जगह गुरुदेव की आरती की। साथ ही शोभायात्रा में हेलीकोपटर से पुष्पवर्षा भी की गयी। गुणायतन के गेट पर पहुँचने पर वहा विराजित प्रमाण सागर महाराज ससंघ ने गुरुदेव का भव्य स्वागत किया उसके बाद शोभायात्रा अंतर्मना सभागार पहुंच कर धर्मसभा में तब्दील हो गयी। सर्वप्रथम झंडारोहण का कार्यक्रम हुआ ततपश्चात दीप प्रज्वलन एवं चित्र अनावरण से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी सर्व प्रथम भारत सरकार के केबिनेट मंत्री पुरुषोतम रूपाला ने गुरुदेव को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं रूपाला ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की एक तरफ जहा दुनिया विश्व युद्ध के मुहाने पर खडी है वर्तमान हालातो पर गौर करें तो विश्व युद्ध की दिशा की ओर बढ़ रहा है वही हमारे तपस्वीयों की धरती पारसनाथ अहिंसा एवं विश्व शांति का संदेश दे रही है जों हमारे देश भारत की बहुत बड़ी ताकत है अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी ने यह साबित कर दिया की हिंसा की कोई जगह नहीं है अहिंसा के जरिये भी बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है महोत्सव की भव्यता से गदगद मंत्री ने कहा की आज मेरे जीवन का यह सर्वोतम दिन है ऐसे भगवन्त के साक्षात दर्शन करने का मौका मिला है में खुद को सौभाग्यशाली मानता हु भगवान महावीर के बाद तपस्वीयो में अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी ने जों इतिहास स्थापित किया उसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है भारतवर्ष का अमृत महोत्सव का प्रारम्भ अमृत काल से हुआ है हमारा भारत संतो के आशीर्वाद से ही शक्तिशाली बन चूका है केंद्रीय मंत्री अपने पुरे परिवार के साथ ही अंतर्मना के दर्शनाथ पहुँचे। उसके बाद गुरुदेव ने विशाल धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा जब आत्मा मरती नहीं तो ड़र किस बात का ग्रंथ में लिखी इस बात ने इतनी कठिन एवं अद्भुत साधना में मुझे बहुत संबल दिया इतने विशाल पहाड़ पर कोई नहीं बस हम, हवा और हमारी परछाई थी इस साधना के दौरान एक बात जाना की धर्म ही अकेला है और कुछ नहीं इस महान साधना व्रत का पिछले 7 वर्ष से अभ्यास कर रहा हूं । तब जाकर इसे करने लायक बना । यह साधना मै नहीं कर रहा हूं यह मेरे गुरु का आशीर्वाद है उन्होंने कहा की यह साधना मैने अपने को निखारने के लिए की है । गुरुदेव ने तीन महत्वपूर्ण बाते बताई मन पर भरोसा मत करो कब बदल जाये कहा नहीं जा सकता है, अपनी शंवास पर भरोसा मत करो कब छूट जाये पता नहीं एवं अपने पुण्य पर भरोसा मत करो इसे जितना बड़ा सको बढ़ाओ न जानें कब पाप आ जाये पता नहीं। उन्होंने आर्ष परम्परा के सबसे व्योवृद्ध संत आचार्य सम्भव सागर जी महाराज के प्रति अपनी कर्तध्यता व्यक्त की जिनका बखान करने से उनकी आँखों में करुणा के आंसू आ गए इसे देख सभी भक्त भाव विभोर हो गए और जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया केंद्रीय मंत्री पुरुषोतम रूपाला, योग गुरु स्वामी रामदेव भी अंतर्मना की शक्ति के कायल हो गए। बैद ने बताया की पूज्य गुरुदेव ने इस कठोरतम 557 दिन की महासाधना में मात्र 61 दिन ही आहार ग्रहण किया पूज्य गुरुदेव ने 21 जुलाई 2021 से 27 जुलाई 2023 तक इस 557 दिन में कभी मुंह नहीं धोया कभी वैयाव्रती तेल मालिश नहीं करवाई एवं मात्र 19 बार शौच एवं 42 बार लघुशंका गए जों इंसान के लिए असम्भव है विज्ञानं भी इस बात से अचम्भीत है। उसके बाद अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज जों विगत 557 दिन से मौनरत थे ने दोपहर 2 बजकर 34 मिनिट पर ॐ णमोकार मंत्र के उच्चारण के साथ 557 दिन की मौन साधना को तोड़ा उनके श्री मुख से ॐ निकलने के साथ सम्पूर्ण पंडाल ही तालियों की गडगड़ाहत से गूंज उठा सभी अपने आराध्य गुरु की दिव्य देशना 557 दिन बाद सुनकर प्रफुल्लित हो गए। बैद ने जानकारी दी की अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर अपने संत जीवन के 35 वर्षो में देश के 30 प्रांतो में एक लाख किलोमीटर का पद विहार कर चुके है साथ ही गुरुदेव ने 35 वर्षो के दीक्षा काल में 3500 से ज्यादा उपवास की साधना की है आप अनेकों तरह के व्रत कर चुके है आप को अनेकों उपाधियों से विभुषित किया गया है। महापारणा महाप्रतिष्ठा एवं भव्य जेनेश्वरी दीक्षा महोत्सव में पहुंचे योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव ने कहा संतो के आशीर्वाद से ही विश्व में भारत की कीर्ति फेल रही है और भारत विश्व गुरु बनने के मार्ग पर है तो इसका सबसे बड़ा श्रेय संतो का आशीर्वाद है क्यों की पुरे विश्व ने भारत की बड़ी पहचान संतो के कारण ही है जैन समाज के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल सम्मेद शिखर मधुबन को निर्वाण भूमि कहा जाता है इस तीर्थ से 20 तीर्थंकरो का निर्वाण हुआ इस निर्वाण भूमि में इस तरह का आयोजन होना भक्ति और आस्था में डूबने जैसा है बाबा रामदेव ने अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के कठिन तप और साधना की सराहना की और कहा की जैन दर्शन अपनी वेज्ञानिता से महान है 20 तीर्थंकरो की निर्वाण भूमि का बहुत बड़ा महत्व है ऐलोपेथी के बिना कैसे जीते है यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सायंकालीन 557 दीपको से गुरुदेव की महाआरती की गयी। कार्यक्रम में किशनगढ़ के संकड़ो गुरु भक्तों के साथ देश एवं विदेश के लाखों गुरु भक्त सम्मिलित हुए।







**श्रीमज्जिनेंद्र शांतिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव प्रताप नगर के तीसरे दिन**

# जन्मकल्याणक शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्रीमज्जिनेंद्र शांतिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को भगवान शांतिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव पूरे उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रताप नगर, जयपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन समिति द्वारा भगवान के जन्म को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए जन्म कल्याणक अवसर पर पूरे प्रताप नगर में हेलीकॉप्टर से पुष्प और रत्नों की वर्षा की गई। समिति के स्वागताध्यक्ष दुगार्लाल आवा के अनुसार प्रताप नगर के दशहरा मैदान में बनाई गई अयोध्या नगरी में परमपूज्य उपाध्याय श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज एवं गणिनी आर्यिका भरतेश्वरीमति माताजी के सानिध्य में 27 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे पंचकल्याणक महोत्सव में रविवार को भगवान शांतिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। शांतिनाथ भगवान के जन्म के बाद सौधर्म इंद्र प्रमोद जैन बावड़ी, कुबेर इंद्र, यज्ञ नायक, ईशानेंद्र, सनत कुमार, माहेंद्र इंद्र, चक्रवर्ती राकेश बावड़ी आदि इंद्रो के साथ 15 हाथीयो पर सवार होकर पांडुक शिला की ओर भव्य यात्रा के साथ प्रस्थान किया शोभायात्रा में 15 हाथियों सहित 10 बग्गी, घड़ा सहित शहर के जानेमाने 4 बैंड सहित आर्मी बैंड शामिल हुए। हस्तिनापुर नगरी से सुबह 9:30 बजे भगवान की शोभायात्रा शुरू हुई जो एलआईसी ऑफिस चेतक मार्ग से रवाना हो उदय मार्ग मुख्य बाजार होते हुए मुख्य पंडाल पांडुक शिला पर पहुंची। पंडुकक्षिला पहुंच तीर्थंकर बालक शांतिनाथ को सोधर्म इंद्र और इंद्र परिवार द्वारा अभिषेक किया गया।

**गौरवशाली अभिषेक उनके पूर्वजन्मों के अर्जित पुण्यों का परिणाम होता है:- पूज्य उपाध्याय श्री ऊर्जयंत सागर जी**

बाबू लाल जैन ईटून्दा मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर उपाध्याय श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज ने कहा भगवान होने वाली आत्मा का जब सांसारिक जन्म होता है तो देवभवनों व स्वर्गों आदि में स्वयं घंटे बजने लगते हैं और इंद्रों के आसन कम्पायमान हो जाते हैं। यह सूचना होती है इस घटना की कि भगवान की सांसारिक अवतरण हो गया है। सभी इन्द्र व देव भगवान का जन्मोत्सव मनाने पृथ्वी पर आते हैं। बालक का जन्म और जन्मोत्सव आज भी घर-घर में प्रचलित है, किन्तु सुमेरू पर्वत पर भगवान का अभिषेक एक अलग प्रकार की घटना बताई जाती है, पूज्य उपाध्याय श्री ने कहा तीर्थंकर के मामले में ऐसा गौरवशाली अभिषेक उनके पूर्वजन्मों के अर्जित पुण्यों का परिणाम होता है किन्तु प्रत्येक जन्म लेने वाले मानव का अभिषेक होता ही है। देवता न आते हों किन्तु घर या अस्पताल में जन्म लिए बालक के स्वास्थ्य के लिए व गभार्वास की गंदगियों को दूर करने के लिए स्नान , अभिषेकादी आवश्यक होता है। तीर्थंकर चूंकि विशेष शक्ति संपनन होते हैं, अतः पांडुक वन में सुमेरू पर्वत पर क्षीरसागर से लिए 1008 कलशों से उनका जन्माभिषेक होता ।

## महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी द्वारा मेडिकल केम्प आयोजित

### 49 रोगियों ने हड्डी रोग शिविर में लिया लाभ



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर, कुचामन सिटी में रविवार, दिनांक 29 जनवरी को राजस्थान के विख्यात हड्डी रोग विषेषज्ञ, जॉइन्ट एवं घुटना रिपलेस्मेंट लिगामेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन, राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा 49 रोगियों की निःशुल्क जाँच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक वीर जीवंण सिंह व वीर नरेश झांझरी ने बताया कि शिविर में 11रोगियों के एक्सरे व 33 रोगियों की खून की जाँच निःशुल्क की गई। शिविर का प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाता हैं। संस्था अध्यक्ष शिविर सहयोगी वीर केलाश चन्द पांड्या ने बताया कि वीर सुभाष पहाड़िया, वीर सम्पत बगड़ीया, वीर नरेश झांझरी, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर अशोक अजमेरा, बोदुलाल कुमावत ,चन्दु भार्गव , मोहित पारीक शिविर के सहयोगी रहे।

Happy Anniversary

श्री अनुप-पूजा जैन

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर सदस्य

को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां




मोबाइल: 8058050508

शुभकामनाओं सहित

संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन सस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव

समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार

# रुडसिको कार्यालय में 74वा गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।**
रुडसिको कार्यालय में 74वा गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। अतिशयकारी चिंतामणी पार्श्वनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष पवन गोदिका ने बताया कि रुडसिको के कार्याकारी निदेशक ह्रदेश शर्मा द्वारा झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर पारस विहार, मोहनपुरा, मुहाना मंडी में स्थित अतिशयकारी चिंतामणी पार्श्वनाथ मंदिर के संगठन मंत्री सुभाष पाटनी सलाहकार ने मंच का संचालन "अंधेरों ने दिये को जन्म दिया हैं, अंधेरों से मत डरो, रोशनी बाहर नहीं भीतर करो तो स्वयंमेव समस्या का समाधान हो जायेगा।" शेर के साथ किया।इस अवसर पर विभाग ने रुडसिको को नये आयाम तक पहुचाने पर उत्कृष्ट सेवा के लिए नरेन्द्र अजमेरा अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जे.एन.बैरवा महा प्रबन्धक (अभियांत्रिकी) एवं अन्य क्रामिको को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात आदर्श नगर मंडल मे सांसद बोहरा के साथ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम आज आदर्श नगर मण्डल में वरिष्ट समाज सेवी विनोद जैन के आवास जनता कॉलोनी जयपुर में आयोजित किया गया। कार्यकम मे जयपुर सांसद राम चरण बोहरा, आदर्श नगर विधानसभा के प्रभारी जयपुर शहर उपाध्यक्ष केदार शर्मा, आदर्श नगर मण्डल के अध्यक्ष डॉ के एम पारीक, मण्डल उपाध्यक्ष गोविन्द मेठी, पार्षद सुनील दत्ता, मण्डल महामंत्री किशोर मोतियानी, पार्षद प्रत्याशी आशीष मेहता, श्रीमति मोनिका अग्रवाल, ओम हरजानी, हर्षित कानूनगो, सुनिल जैन, पीयूष अग्रवाल, राम बाबू कानूनगो , अनिल जैन, आशीष तंवर, विजय सिंह तंवर सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सेक्टर 6 जवाहर नगर के निवासियों ने विधायक रफीक खान को ज्ञापन सौंपा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जवाहर नगर का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सेक्टर 6 की खस्ता हालात पर एक रिप्रेजेंटेशन आदर्श नगर के विधायक और राजस्थान अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन रफीक खान को दिया। जब जवाहर नगर का निर्माण हुआ था तो तात्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद साहिब ने 1975 में इसी सेक्टर 6 का दौरा किया था और उन्होंने इसे आदर्श कॉलोनी बनाने की कल्पना की थी। समूचे जवाहर नगर में सबसे पिछड़ा क्षेत्र और लोकल प्रशासन की उपेक्षा का शिकार यही 6सेक्टर रहा है। टूटी सड़के, मकानों के उखड़े फुटपाथ, ब्लॉक हुई सीवरेज लाइन, बदबू मारता नाला, कचरे के ढेर और पार्क की अव्यवस्था आदि के निस्तारण हेतु एक दल विधायक भाई रफीक खान से मिला। उन्होंने सारी समस्याएं सुन कर दल को आश्वस्त किया कि आगामी बजट में बड़े प्रोजेक्ट के लिए पर्याप्त राशि रखने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिख दिया है।फुटपाथ, सड़के, सीवरेज और पार्क आदि को ठीक करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को आदेश देकर 15-20 दिन में काम शुरू करवा दिया जाएगा।

# मालवीय नगर सेक्टर 13 विकास समिति के विमलेश जैन अध्यक्ष

## अनिल आहूजा सचिव बने



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मालवीय नगर सेक्टर 13 विकास समिति के नियमित चुनाव में आगामी वर्ष के लिए सर्वसम्मति से संपन्न चुनावों में विमलेश जैन को अध्यक्ष, अनिल आहूजा सचिव एवं रामअवतार अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। साथ ही मनोज भाटिया, के डी नागर एवं पूर्व अध्यक्ष रमन अत्रे को समिति के संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया । इस अवसर पर स्थानीय पार्षद राजुला सिंह, के .डी.नागर, राकेश मित्तल, वेद प्रकाश सिंह, अजीत सोनी, खालीदा जी, राजेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, दिनेश विजय, मनीष गोयल, विकास नागपाल एवं अन्य सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी प्रेम किलानिया एवं एमसी कटारा द्वारा संपन्न कराई गई।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com